विजन फॉर इंडिया पर हुई चर्चा

साहिबाबाद। आईटीएस कॉलेज में शनिवार को 'लीडिंग ट्रांसफॉर्मेशन क्राफ्टिंग टेक्नोलॉजी विजन फॉर इंडिया फ्यूचर' विषय पर सीईओ मीट हुई। इसमें विभिन्न कंपनियों के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत आईटीएस समूह के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा और आईटी विभाग के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित करके की। पोलेरिस के प्रबंध निदेशक पंकज दुबे ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों एवं भारत सरकार द्वारा प्रारंभ मेक इन इंडिया मिशन में कंपनी की भूमिका पर चर्चा की। इंफोसिस के सीईओ दीपक भाटिया ने वर्तमान में सोशल मीडिया, मोबाइल, एनॉलिटिक्स एवं क्लाउड तकनीकों के समावेशन एवं उनके गुणात्मक लाभ व अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की।

आईटीएस कॉलेज में सीईओ मीट

■ एनबीटी न्यूज, मोहन नगर : मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज में शनिवार को सीईओ मीट का आयोजन किया गया। मीट का सब्जेक्ट 'लीडिंग ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू क्राफ्टिंग टेक्नॉलजी विजन फॉर इंडियाज फ्यूचर' था। इसमें कई बड़ी कंपनियों के सीईओ ने भाग लिया। कार्यक्रम के पहले सत्र में इस समय इन्फॉर्मेशन एंड टेक्नॉलजी के क्षेत्र में चल रहे विकास पर चर्चा की गई। दूसरा सत्र 'भारत के विकास के लिए तकनीकी दिशा' विषय पर केंद्रित था। इसमें इन्फॉर्मेशन एंड टेक्नॉलजी को देश के हर वर्ग तक पहुंचाने की बात पर जोर दिया गया। तीसरे व आखिरी सत्र डिजिटल इंडिया मिशन पर केंद्रित था। इस मौके पर स्टूडेंटस व कॉलेज के टीचर भी मौजूद थे।